असंशोधित

28 MAR 2003

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

बि० स० मु० (एस० ए०) 173—मोनो—500—10-12-2002—

टर्न:13:श्रीर-प-अलू (49)
23.03.2003

<u>तारांकित प्रश्न सं0:720</u>

श्री उपेन्द्र प्रसाद वर्मा (मंत्री): अध्यक्ष महोदय,

(1) उत्तर अंशत: स्वीकारात्मक है । सामान्य स्थिति में इधर चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों का विशेष प्रशासनिक कारणों (जैसे पद समाप्त होने आदि) से एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरण करने का प्रावधान है ।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है । सांख्यिकी एवं मूल्यांकन निदेशालय के अन्तर्गत 10 नवसृजित जिलों एवं 2 नवसृजित प्रमंडलों में प्रशासनिक इकाई के अनुरूप सांख्यिकी आंकड़े के संग्रह में कठिनाई को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त जिलों/प्रमण्डलों में सांख्यिकी कार्यालय का गठन किया गया । इन कार्यालयों में आदेशपाल का भी पद स्वीकृत करते हुए इन पदों पर नई नियुक्ति नहीं करने तथा अन्य कार्यालयों के अतिरेक कर्मियों से समायोजित करने का प्राधिकृत समिति का निर्णय था ।

उपर्युक्त कारणों के आधार पर वित्त विभाग के मितव्ययितता परिपत्र सं0: 3110 दिनांक: 10.04.1936 के आलोक में प्रथम चरण में जिन पुराने जिला सांख्यिकी कार्यालय में तीन आदेशपाल थे वहां से एक-एक एवं उप निदेशक कार्यालय जहां दो आदेशपाल कार्यरत थे वहां से एक-एक अतिरेक आदेशपाल मानते हुए स्थापना समिति की अनुशंसा के आलोक में स्थानान्तरित कर पदस्थापित किया गया है ।

(3) उपरोक्त 2 के आलोक में प्रश्न ही नहीं उठता है ।

अध्यक्ष: ठीक है, बहुत शानदार उत्तर हो गया ।

<u>तारांकित प्रश्न सं0-721</u>

श्री प्रभास रजक (राज्यमंत्री): महोदय (1) इसकी मरम्मती हेतु ए0 पी0 डी0 आर0 पी0 में स्वीकृत है ।

(2) यह कार्य वर्ष 2003-04 में पावर ग्रिड द्वारा शुरू किया जायेगा ।

श्री विजय कुमार शुक्ल : महोदय, वहां जो जे0 ई0, ए0 ई0 थे, उनका स्थानांतरण कर दिया गया है । जो आये हैं, वे नहीं आ रहे हैं, कितने कर्मचारी हैं, कोई अता-पता नहीं है । बिजली कटती है, खराब होती है, उसकी सूचना रहते हुए भी हमलोगों को जानकारी नहीं मिलती है । आपके माध्यम से मंत्री महोदय स्पष्ट करें कि वहां कौन-कौन जूनियर इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर, कर्मचारी वगैरह हैं ।

श्री प्रभास रजक (राज्यमंत्री): प्रश्न में नहीं था । अब इन्होंने कहा है तो इनके साथ बैठ करके कर देंगे ।

टर्न-18/20.3.03/
श्री रमण-तललू/

अध्यक्ष : ठीक है । आपके साथ बैठ कर माननीय सदस्य, मंत्री इस समस्या का समाधान करेंगे ।

श्री नित्यानंद राय : महोदय, इस बैठक में मुझे भी बुलाया जाय । ऐसा निदेश दिया जाय ।

अध्यक्ष : कह दिया मैंने , हो गया । आपको भी मंत्री बैठक में बुला लेंगे ।

तारांकित प्रश्न सं0-722

श्री श्याम रजक (राज्यमंत्री) : (1) महोदय, (1) रोड के निर्माण के कारण निम्न विभव (?) तार का ग्राउंड क्लियरेंस कम हो गया था, जिसे अस्थायी रूप में संतुलित किया गया है । इसे शीघ्रातिशीघ्र (?) ठीक कर दिया जायेगा ।

(2) घुमावदार निर्मित पथ की स्थिति में उपभोक्ता परिसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पोल गाड़े गये हैं ।

(3) एक महीने के अन्दर कर दिया जायेगा ।

अध्यक्ष : ठीक है ।

श्री राम प्रवेश राय : मेरा जवाब दिला दिया जा, हुजूर, केवल पढ़वा दिया जाय ।

अध्यक्ष : जब प्रश्न पूछा गया था, उस समय आप नहीं थे । हम आपसे विनती करते हैं, आपका हम करवा देंगे ।

तारांकित प्रश्न सं0-723

श्री शीतल राम : इसमें समय चाहिये महोदय ।

श्री जनार्दन यादव : अब कब जवाब देंगे ?

अध्यक्ष : जवाब भिजवा देंगे । आपका तैयार नहीं है । दो-तीन दिनों के अन्दर भेजवा देंगे

तारांकित प्रश्न संख्या-724

श्री राम विचार राय (मंत्री) : समय चाहिये महोदय ।

अध्यक्ष : ठीक है ।

तारांकित प्रश्न सं0-725

(माननीय प्रश्नकर्त्ता सदस्य-श्री सतीश कुमार-अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न सं0-726

श्री श्याम रजक (राज्यमंत्री) : महोदय, (1) स्वीकारात्मक है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।